# रूठे कांग्रेस विधायक को सिंधिया ने मनाया

## विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में शामिल होने आए विधायक को वीआईपी गेट पर तहसीलदार ने रोक लिया था

**ग्वालियर, 3 अक्टूबर. यहां शुक्रवार को शहर के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार नाराज हो गए. खुद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उन्हें मनाया.**

दरअसल, कलेक्ट्रेट सभागार में हो रही बैठक में शामिल होने आए कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार को वीआईपी गेट पर तहसीलदार ने रोका लिया जिससे वह नाराज हो गए. कांग्रेस विधायक अपने घर के लिए लौटने लगे. तभी बैठक ले रहे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की नजर उन पर पड़ी जिसके बाद वे खुद कांग्रेस विधायक के पास गए और उन्हें बैठक में लेकर पहुंचे.



कांग्रेस विधायक सिकरवार जब कलेक्ट्रेट पहुंचे तो तहसीलदार कुलदीप दुबे ने उन्हें वीआईपी गेट पर रोक लिया. तहसीलदार ने उन्हें मुख्य गेट से नहीं बल्कि दूसरे गेट से अंदर जाने को कहा. तहसीलदार के इस व्यवहार पर विधायक सिकरवार नाराज हुए और गाड़ी में बैठकर वापस जाने लगे. इसी दौरान रास्ते में उनकी मुलाकात केंद्रीय मंत्री सिंधिया से हो गई.

### ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह नहीं आए

सिंधिया की बुलाई समीक्षा बैठक में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर का खेमा पूरी तरह नदारद रहा. बैठक में सांसद भारत सिंह कुशवाह ही गायब रहे. इधर, सिंधिया ग्वालियर में बैठक ले रहे थे, जबकि ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह ने शिवपुरी के पोहरी के चूना खो में कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई थी.

### 11 प्रमुख विकास योजनाओं पर चर्चा


बैठक में सिंधिया ने 11 प्रमुख विकास योजनाओं पर चर्चा की. जिनमें एलिवेटेड रोड, रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण, आगरा एक्सप्रेस-वे, वेस्टर्न बाइपास और चंबल नदी से पानी की आपूर्ति जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं. उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे हों. बैठक में प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट, कैबिनेट मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा, पूर्व सांसद विवेक शेजवलकर और कुछ कांग्रेस पार्षद भी मौजूद रहे. समीक्षा बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि यह बैठक बहुत सार्थक रही है. इसमें शहर में चल रहे सभी विकास कार्यों पर बातचीत हुई है.

# कफ सिरप डिस्टिब्यूटर पर मारा छापा

▶ सिरप से बच्चों की मौत का मामला

**जबलपुर, 3 अक्टूबर. छिंदवाड़ा में एक महीने के अंदर किडनी फेल होने के कारण मासूम बच्चों की लगातार हो रही मौतों से हड़कंप मच हुआ हैं. शुरूआत में ये मौसमी बुखार के सामान्य मामले लग रहे थे. लेकिन अब ये मामले जानलेवा रूप ले चुके हैं.**

इस बीच दिल्ली से आयी जांच टीम ने प्रारंभिक तौर पर पाया मौतों के पीछे बुखार-सर्दी खांसी में दिए जाने वाले सिरप के कारण हो रही है. जिसके बाद डेक्सट्रोमेथॉर्फन हाइड्रोब्रोमाइड सिरप के बैचों की तत्काल जांच की गई. राज्य भर में सिरप की बिक्री पर रोक लगा दी गई है. इसी सिलसिल में औषधि विभाग के



अधिकारियों ने ओमती थाना अंतर्गत कफ सिरप डिस्टिब्यूटर कटारिया फार्मास्यूटिकल्स पर छापा मारा. स्वास्थ विभाग की 5 सदस्यों की टीम द्वारा जांच की जा रही है. कटारिया फार्मास्यूटिकल्स के संचालक ने बताया कि उनके द्वारा चेन्नई की कंपनी से 660 कोल्ड्रिफ कफ सीरप की शीशियां मंगाई गई थी. जिसमें से सिरप की 594 शीशियां छिंदवाड़ा के तीन स्टॉकिस्ट को जबलपुर से भेजी गई थी. शेष 66 शीशियां बची हुई थी, जिसमें से 16 शीशियों का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है. वहीं बची हुई शीशियों को सील कर दिया गया है. उन्होंने ने स्पष्ट किया कि उक्त कफ सिरप की सप्लाई जबलपुर में कहीं भी नहीं की गई थी.

## आईईटी कैंपस में छात्रों तोडफ़ोड़, मामला दर्ज

**इंदौर.** भंवरकुआ पुलिस ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आईईटी कैंपस में 26 सितंबर को हुई तोडफ़ोड़ और चोरी की घटना में कार्रवाई करते हुए चार छात्रों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है. घटना की शिकायत स्टाफ मेंबर रणजीत शिंदे ने की थी. शिकायत में बताया गया कि फर्स्ट ईयर के कुछ छात्रों ने खिड़की तोड़कर परिसर में प्रवेश किया और होस्टल व कार्यालय में 14 कैमरों को तोड़ने के साथ और डीवीआर चोरी कर लिए. कॉलेज प्रबंधन की प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला कि आरोपियों ने जूनियर्स पर दबाव डालकर राइज योर वॉइस वॉट्सऐप ग्रुप में पांच-पांच अकाउंट बनाने का टारगेट निर्धारित किया था.

# हादसे में जान गंवाने वालों का अंतिम संस्कार

पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार

**खंडवा, 3 अक्टूबर. दुर्गा विसर्जन के दौरान हुए हादसे में जान गंवाने वाले 11 लोगों का शुक्रवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया. वहीं हादसे के बाद ट्रैक्टर चला रहा ड्राइवर दीपक किराड़े फरार हो गया था. पुलिस ने उसे शुक्रवार को उसके मामा के गांव से हिरासत में लिया हैं.**

दीपक ने कहा कि आयोजन समिति वाले ही जबरन मुझे बैक वाटर में ले गए थे। मैं खुद ट्रैक्टर के नीचे 15 मिनट तक फंसा रहा। मेरे सिर में चोट लगी हैं. फिर भी



मैंने तीन बच्चों को जिंदा बाहर निकाला हैं. इसके बाद मैं बाहर निकला और वहां से दूर हो गया। इस हादसे में मेरे भतीजे आयुष की भी मौत हो गई हैं, जबकि मेरी चचेरी दो बहनें घायल हैं. बता दें, खंडवा में गुरुवार को दुर्गा विसर्जन के दौरान डैम के बैकवाटर में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट जाने से 11 लोगों की जान चली गई थी.

### पीएम और सीएम ने जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के खंडवा में हुए हादसे में हुई जान-माल की हानि पर किया दुख व्यक्त किया है। साथ ही मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रूपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। वहीं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी हादसे पर दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की सहायता राशि और घायलों को नजदीकी अस्पताल में समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं.

# खंहरिया मोड़ के पास बोलेरो ने 25 लोगों को रौंदा

▶ 15 गम्भीर, दो की मौंत, एसपी पहुंची मौंके पर

**पवई, 3 अक्टूबर.** से लगभग 5 किलोमीटर दूर मोहंद्रा मार्ग पर खम्हरिया मोड पर उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया, जब ग्राम खम्हरिया के लोग दशहरा पर्व पर चल जुलूस लेकर दुर्गा मां का विसर्जन करने तालाब जा रहे थे, तभी पवई मोहन्द्रा मार्ग पर खम्हरिया मोड़ में जैसे ही पहुंचे पवई की ओर से तेज रफ्तार बोलेरो की ओर जा रही थी, बोलेरो ने बाइक सवारों को सीधे टक्कर मार दी. तेज गति होने से पहले मोटरसाइकिल सवारो को कुचला, फिर चल जुलूस में



शामिल लगभग 25 लोंगों को कुचल कर घायल कर दिया. जिसमें 15 लोगों की गम्भीर चोंटें लगने की बात बताई गईं. सूचना मिलते ही एसपी पन्ना निवेदिता नायडू मौंके पर पहुंची और घायलों को तत्काल पवई स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को कटनी जबलपुर के लिए रेफर किया गया. ड्राइवर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और जांच शुरू कर दी है.

### 5 घंटे चक्काजाम

पन्ना जिले के पवई थाना क्षेत्र अंतर्गत खम्हरिया मोड़ पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए भीषण हादसे के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा. इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार की सुबह पवई-मोहन्द्रा मार्ग पर चक्का जाम कर दिया.. यह चक्काजाम लगभग पांच घंटे तक रहा जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया. प्रदर्शन कारी घटना की उच्चस्तरीय जांच, मृतको व घायलों के परिजनों को मुआवजा दिलाए जाने की मांग पर अड़े रहे.



## मुख्यमंत्री ने दुर्घटना को लेकर जताया शोक संवेदना

**उज्जैन.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्राम पीराझलार उज्जैन में हुई दुर्घटना में दिवगंत हुए बच्चों के माता पिता और परिवार को उनके निवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया।

## आवास राज्यमंत्री ने की शस्त्र पूजा

**सतना.** राज्य शासन के निर्णयनुसार विजयदशमी के अवसर पर सभी जिला मुख्यालयों में शस्त्र पूजन के कार्यक्रम आयोजित किये गये. विजयदशमी के अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने पुलिस लाइन सतना में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर विधिवत रूप से शस्त्र पूजा की. उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में शस्त्र पूजन का विशेष महत्व है, यह केवल परंपरा ही नहीं, बल्कि हमारे कर्तव्य, अनुशासन और राष्ट्र रक्षा के संकल्प का प्रतीक भी है. शस्त्र पूजन कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि शस्त्र जहां एक ओर शक्ति और साहस का प्रतीक हैं.

# निगम अफसरों ने गोदाम की सील खोलने मांगी रिश्वत, पकड़ा गया

▶ शिकायत पर बिछाया जाल, एआरओ और प्रभारी बिल कलेक्टर पकड़ाए

**इंदौर, 3 अक्टूबर. आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर निगम के दो अफसरों को रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया.**

गोदाम की सील खुलवाने के एवज में 50 हजार रुपए की मांग की गई थी. पहली किस्त के तौर पर 40 हजार रुपए लेते ही दोनों अधिकारी धराए गए. शिकायतकर्ता संतोष सिलावट, निवासी गीता नगर ने एक अक्टूबर को एसपी ईओडब्ल्यू को आवेदन दिया था. उन्होंने बताया था कि उनके गोदाम पर निगम की राजस्व टीम ने नोटिस चस्पा कर सील लगा दी थी.

सील खोलने के लिए सहायक राजस्व अधिकारी पुनीत अग्रवाल जोन-19 और प्रभारी बिल कलेक्टर रोहित साबले ने 50 हजार रुपए रिश्वत की मांग रखी. शिकायत की पुष्टि होते ही ईओडब्ल्यू ने जाल रच डाला, तय योजना के तहत सिलावट ने जैसे ही 40 हजार रुपए सौंपे, डीएसपी संजय द्विवेदी, टीआई कैलाशचंद्र पाटीदार और अन्य अधिकारियों की टीम ने दोनों को पकड़ लिया.



# बीएसएफ एकेडमी में पहली बार हथियार की तरह हुई ड्रोन की पूजा

**ग्वालियर, 3 अक्टूबर. सीमा सुरक्षा बल अकादमी में मनाया जाने वाला इस बार का विजयादशमी पर्व पिछले सभी सालों से बिल्कुल अलग रहा.**

इस बार अकादमी के निदेशक डॉ. शमशेर सिंह द्वारा सीमा प्रहरियों के साथ मिलकर पहली बार हथियार के रूप में ड्रोन की पूजा की गई. उल्लेखनीय है कि युद्ध के बदलते परिदृश्य और राष्ट्र रक्षा के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु, एक नये सामरिक युग का सूत्रपात हुआ है, जिसके तहत अभी कुछ माह पहले ही, सीमा सुरक्षा बल अकादमी में 'स्कूल ऑफ ड्रोन वॉर फेयर' की स्थापना हुई है. सीमा सुरक्षा बल द्वारा विजयादशमी के अवसर पर 'ड्रोन' को हथियार की तरह पूजना, बल की सुरक्षा- तत्परता का सशक्त संदेश है.

## एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**बड़वानी.** जिले के पाटी क्षेत्र में 6 अक्टूबर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है. इस महत्वपूर्ण एवं गरिमामयी अवसर को सफल, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराने के लिए एसपी जगदीश डावर ने कार्यक्रम स्थल, हेलिपैड, आगमन और गमन मार्ग, पार्किंग व्यवस्था यातायात नियंत्रण एवं विश्राम स्थलों का सघन निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था, नागरिक सुविधा, यातायात प्रबंधन तथा विभागीय समन्वय को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने की पूर्व तैयारी पर विशेष जोर देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन कार्यक्रम को पूर्ण सुरक्षा, सुचारु व्यवस्था और जनसुविधा के साथ सम्पन्न कराया जाए. इस अवसर पर एएसपी धीरज बब्बर, एसडीएम भूपेंद्र रावत, एसडीओपी दिनेश सिंह चौहान, थाना प्रभारी पाटी रामदास यादव सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे.

# व्यापारियों से साढ़े नौ लाख रुपये की लूट का खुलासा

▶ आंख में मिर्ची डालकर पैसा लूटता था गिरोह

**सतना, 3 अक्टूबर. आंख में मिर्ची डालकर पैसा लूटने वाले गिरोह का सतना कोलगवां पुलिस ने महज 24 घंटे के अदंर किया खुलासा कर आरोपियों के कब्जे से लूट के रुपये भी बरामद कर लिए हैं.इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है.**

थाना प्रभारी कोलगवां निरीक्षक सुदीप सोनी ने बताया कि 1 अक्टूबर को फरियादी मोहम्मद नसीम पिता मो. रसीद निवासी बड़ी हर्दी थाना बैकुण्ठपुर जिला रीवा ने रिपोर्ट किया कि उसके मामा मकसूद सौदागर भैंस खरीदने एवं बाहर ले जाकर बिक्री करने का धंधा करते हैं. 27सितंबर को ग्राम बड़ी हर्दी बैकुण्ठपुर जिला रीवा से डीसीएम ट्रक में 31 नग भैंस लेकर ड्राइवर बाल्मीक साकेत निवासी बेला के साथ उन्नाव उ.प्र. गए और वहां पर फिरोज खान निवासी उन्नाव को बेच दिये. फिर मैं एवं मामा मकसूद सौदागर पैसा लेकर उसी ट्रक से सतना आए और सतना में कारगिल ढावा के पास रोड़ पर उतरकर रीवा वाली बस का इंतजार कर रहे थे. ट्रक ड्राइवर ट्रक लेकर मैहर तरफ चला गया, तभी एक अपाचे काले कलर की बिना नंबर की मोटर सायकिल में तीन लोग मुंह बाँधकर आये और उनमे से एक आदमी बोला कि रीवा की बस कहा मिलेगी, तब मैं बोला कि नही जानता हूँ. तभी उस व्यक्ति ने मेरे व मेरे मामा मकसूद के आंख में मिर्ची पावडर डाल दिया जिससे हमें कुछ दिखाई नही दे रहा था, फिर लिपटकर पैसे से भरा बैग छीन लिये, बैग में कुल नौ लाख पचास हजार रुपये नगदी रखे थे.

फरियादी की रिपोर्ट पर कोलगवां पुलिस ने अपराध धारा 309(4), 309(6)बी.एन.एस. का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया. जांच के दौरान पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अलग-अलग टीमे गठित की गई.

### बैग छीनने की घटना को अंजाम दिया

मुखबिर सूचना, सीसीटीव्ही कैमरों एवं सायवर सेल की सहायता से प्राप्त जानकारी के आधार पर संदेही बालमीक साकेत एवं निखिल मलिक को अभिरक्षा में लेकर गहन पूछताछ की गई, जिस पर यह बात सामने आई कि ट्रक चालक बालमीक साकेत ने अपने साथी अंकित साकेत, सोहेल खान, एवं निखिल मलिक के साथ मिलकर अपने ही ट्रक में बैठे व्यापारियों के साथ लूट कराने की योजना बनाई थी, जिस पर सोहेल खान, निखिल मलिक एवं इरफान अपाचे मोटर सायकिल से कारगिल ढाबा के पास पहुंचकर भैंस व्यापारी मकसूद एवं नसीम के आंख में मिर्ची पावडर झोंककर उन दोनो व्यापारियों का पैसे से भरा बैग छीनने की घटना को अंजाम दिया. पुलिस द्वारा विधिवत कार्यवाही करते हुए पांचों आरोपियो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट का मशरुका बरामद किया गया है. प्रशिक्षु उपुअ आशुतोष त्यागी, निरीक्षक सुदीप सोनी, उनि विजय सिंह, आरक्षक संदीप प्रजापति सैनिक विजय सिंह एवं अन्य पुलिसकर्मियों का सराहनीय योगदान रहा.

# समाज विकास के कार्य सम्मान योग्य : सिंह

## खंडेलवाल स्मृति पुरुषोत्तम सम्मान से नितिन मांगलिक अलंकृत

**ग्वालियर, 3 अक्टूबर. चेतना मंच के तत्वाधान में स्व. महेश खंडेलवाल की स्मृति में स्थापित पुरुषोत्तम सम्मान नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी नितिन मांगलिक को प्रदान किया.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक सतीश सिकरवार ने की. विशिष्ट अतिथी के तौर पर पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल उपस्थित रहे. मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि नितिन मांगलिक लंबे समय से समाज विकास के कार्यों में जुड़े हुए हैं. निस्वार्थ भाव से उनके द्वारा किए जा रहे कार्य निश्चित ही सम्मान के



योग्य हैं. समाज एवं संस्कृति को अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले महेश खंडेलवाल की स्मृति में पुरुषोत्तम सम्मान की स्थापना चेतना मंच का सराहनीय कार्य है. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक सतीश सिकरवार ने चेतना मंच द्वारा किए जा रहे कार्यों को गति प्रदान करने एवं क्षेत्र विकास की दृष्टि से एक बड़े मंच के निर्माण एवं एक हाईमास्ट लगाने की घोषणा की.

## 12 घंटे में कीटनाशक के सेवन से 3 की मौत

**बालाघाट.** जिले में बीते 12 घंटे में कीटनाशक के सेवन से तीन लोगों की मौत हो गई. सभी को जिला अस्पताल लाया गया था, जहां उपचार के दौरान एक की मौत हो गई. वहीं दो लोगों की रास्ते में जान चली गई. अस्पताल चौकी पुलिस ने तीनों शवों को बरामद कर पंचनामा कार्रवाई की. इसके बाद पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिए गए. अस्पताल चौकी प्रभारी ईश्वरदयाल पटले ने बताया कि किरनापुर थाना क्षेत्र के सिवनीकला निवासी कुसनाजी पिता नेतराम झलपे (54) खेत में कीटनाशक का छिड़काव करने गए थे. घर लौटने पर उन्हें उल्टियां होने लगीं, जिसके बाद परिजन उन्हें जिला अस्पताल लाए. यहां इलाज के दौरान मौत हो गई.

## चाकूबाजी में तीन घायल

**जबलपुर.** लार्डगंज, अधारताल, बरगी थाना क्षेत्र में जमकर चाकू चले, जिसमें तीन लोग घायल हुए हैं. अधारताल पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को शिवन सिंह ठाकुर 28 वर्ष निवासी न्यूरामनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह लगभग 4-45 बजे सोनू गुप्ता, अजय विश्वकर्मा अपने 2 साथियों के साथ अमित कोरी उर्फ काली को बोले तु बहुत ज्यादा शराब कम्पनी वालों के साथ शराब पकड़ रहा है तो काली ने कहा कि शराब कम्पनी में काम कर रहे हैं तो जहां शराब बिकेगी वहां पकड़ेंगे, इसी बात पर सोनू गुप्ता एवं अजय विश्वकर्मा ने जान से मारने की नियत से चाकू से एवं उनके दोनों साथियो ने हाथ मुक्को से मारपीट कर काली के सीना, पीठ, पेट, हाथ में चोटें पहुंचा दी.

आयोजन ▶ पं. शुक्ल के व्याख्यान माला में उप मुख्यमंत्री शुक्ल हुए शामिल

# पं. भैयालाल शुक्ल निष्काम कर्मयोगी थे : रामललाचार्य

**रीवा, 3 अक्टूबर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि पूज्य पिताजी द्वारा प्रदत्त संस्कार, उनका आशीर्वाद तथा आप सबके स्नेह से ही मुझे कार्य करने की प्रेरणा मिलती है.**

पिताजी के सत्कर्म ही मुझे यहां तक ले आए हैं. उनमें निष्काम कर्मयोगी की तरह अंतिम समय तक काम करने की आदत थी. मानस भवन में पं. भैयालाल शुक्ल व्याख्यान माला में निष्काम कर्मयोग एवं सम्मान समारोह में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पूज्य पिताजी के नाम के प्रभाव से ही मैं राजनीति में आया. स्व. सुंदरलाल पटवा ने श्रद्धेय



कुशाभाऊ ठाकरे से मेरा परिचय कराते हुए कहा था कि यह पं. भैयालाल शुक्ल जी के सुपुत्र हैं और उन्होंने मुझे राजनीति में प्रवेश कराया. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की पैनी नजर हमेशा हमारे कार्यों पर रहती है. पिताजी ने भी हमेशा निष्काम कर्मयोगी की तरह कार्य करते हुए अपनी प्रतिष्ठा बनाई. उनके पुत्र होने का लाभ भी मुझे मिला. उनकी हमेशा से ही सीख रही है कि अपना संगठन बनाकर पूरी ईमानदारी से कार्य करो.

उन्होंने मानस मण्डल द्वारा आयोजित स्तुति समारोह आयोजन के लिए आयोजकों साधुवाद दिया तथा आश्वस्त किया कि मानस भवन को और भव्यता मिलेगी. कार्यक्रम में जगदगुरू रामललाचार्य ने अपने आशिर्वचन में कहा कि निष्काम कर्म की पात्रता संत से ही प्राप्त होती है. निष्काम कर्म में किसी भी प्रकार की आकांक्षा नहीं होती. पं. भैयालाल जी शुक्ल निष्काम कर्मयोगी थे. उन्होंने कहा कि स्व. भैयालाल जी शुक्ल के सत्कर्मों से ही उप मुख्यमंत्री जी अनथक कार्य कर रहे हैं. उनकी सौम्यता व कार्य करने की ललक ने ही रीवा और विन्ध्य को विकास की ऊंचाईयों तक पहुंचाया है. स्व. भैयालाल जी के सुपुत्र उप मुख्यमंत्री भी निष्काम कर्मयोगी ही हैं. उन्होंने विन्ध्य में अनेकों विकास के साथ ज्ञान परंपरा को अक्षुण्य रखते हुए संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना कराई. जगदगुरू ने अपेक्षा की कि इस प्रकार के आयोजन मानस भवन में होते रहें जिससे महान विभूतियों का पुण्य स्मरण हो और आने वाली पीढ़ी को भी संदेश मिले. इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि निष्काम कर्म अत्यंत कठिन है. पं. भैयालाल जी शुक्ल ने ईमानदारी व कर्मठता से लोगों की बिना किसी आकांक्षा के मदद की.